दिनांक 15 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगमायुक्त एस.के. सुंदरानी ने सुपेला शीतला तालाब के गहरीकरण कार्य को लेकर किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज सुबह जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सुपेला चौक के समीप स्थित वार्ड 05 लक्ष्मी नगर के शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर मोहल्ले वासियों के साथ निरीक्षण किया!

आयुक्त महोदय द्वारा तालाब गहरीकरण के कार्य की प्रगति को लेकर आवश्यक जानकारियां जोन के अधिकारियों से प्राप्त की !

मोहल्ले वासियों ने एकत्रित होकर बताया कि कुछ लोगों द्वारा गहरीकरण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है , कार्य नहीं करने दिया जा रहा है जिसमें तालाब गहरीकरण का ठेका नहीं मिलने वाले एजेंसी भी सम्मिलित है , जिस पर आयुक्त महोदय द्वारा जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 देवांगन को एजेंसी के विरुद्ध ठेका निरस्त करते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए साथ ही शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं!

बता दें कि पूर्व मे आयुक्त महोदय के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई थी कि तालाब गहरीकरण कार्य का ठेका लगभग ₹50.00 लाख का है तब आयुक्त महोदय ने निगम प्रशासन की यह राशि बचाने के लिए गहरीकरण कार्य जन सहयोग से कराए जाने का निर्णय लेने कहा था! मोहल्ले वासियों की मांग पर शिवलिंग की स्थापना करने हेतु आधारभूत संरचना तैयार करने के निर्देश उपस्थित जोन के अधिकारियों को दिए गए!

अवगत हो कि सुपेला शीतला तालाब के गहरीकरण का कार्य निरंतर प्रगति पर है तथा तालाब के सौंदर्यीकरण में विभिन्न प्रकार के कार्य सम्मिलित किए जाने हैं , तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है जिसमें पेवर ब्लॉक , उद्यान निर्माण, घाट निर्माण, विसर्जन के लिए पृथक से कुंड निर्माण , प्रकाश व्यवस्था के ट्यूबलर पोल सहित सौंदर्यीकरण के लिए अन्य प्रकार की व्यवस्था की जानी है जिसकी लागत लगभग एक करोड़ है!

आयुक्त महोदय द्वारा तालाब के समीप स्थित हैंड पंप जल स्रोत का भी निरीक्षण किया गया जिसमें से पानी के आने के संबंध में मोहल्ले वासियों से पूछताछ की गई !

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू , उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 बी.के. देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , मूर्ति शर्मा, सहायक अभियंता सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''